फैक्ट्री में दवा बनाने की सामग्री देख छापेमारी टीम के उड़े होश : बेसन, सत्तू, धनिया पावडर, मेथी, गुड़ आदि कैप्सूल में भरकर बनाता था दवा

- Reported By AWANISH MISHRA
- Edited By Anubh suman
- 22-Apr-2022 07:01 AM

MOTIHARI : मोतिहारी शहर से सटे रघुनाथपुर बस स्टैंड के समीप अवैध रूप से निजी नर्सिंग होम सम्पूर्ण अरोग्य केंद्र रघुनाथपुर में ड्रग विभाग ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर नकली दवा फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। साथही नकली दवा फैक्ट्री के संचालक कथित चिकित्सक डीके चौधरी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चिकित्सक तुरकौलिया के शंकरसरैया बनकट गांव के बिहारी लाल चौधरी का पुत्र है। उसके दो मंजिला नर्सिंग होम से लाखो रुपए मूल्य के नकली दवा व दवा बनाने वाली मशीन को बरामद किया गया है। उक्त छापेमारी जिला ड्रग इंस्पेक्टर दयानंद प्रसाद के नेतृत्व में किया गया।

कई दिनों की रेकी के बाद की गई छापेमारी

बताया जाता है कि ड्रग विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि डीके चौधरी नकली दवा का निर्माण कर जिले के कई जगहों अपना खोले गए चिकित्सा केंद्र पर सप्लाई करता है। विभाग के अधिकारियों ने कई दिन से पहले रेकी कर सत्यता की जांच की। मामला सही पाए जाने पर जिला प्रशासन से दंडाधिकारी नियुक्त करा छापेमारी की।

कमरे को देखकर सब रह गए हैरान

ड्रग इंस्पेक्टर दयानंद ने बताया की पहले तो डीके चौधरी कमरा खोलने से इंकार करता रहा। लेकिन पुलिस के सहयोग से कमरा खुलने पर अंदर के दृश्य को देख सभी आश्चरिचकी रह गए। उसके कमरे से भारी मात्रा में नकली दवा बरामद किया गया।

मोतिहारी में मेड इन जर्मनी का मिला रैपर

वहीं दवा बनाने के लिए प्रयुक्त सत्तू, बेसन, धनिया का पावडर, सौंफ, डिस्टिल वाटर, मेथी, खाली बोतल, खाली कैप्सूल, मेड इन जर्मनी का रैपर सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। यहां मीठा व डिस्टिल वाटर घोलकर सिरप तैयार कर रहा था। उन्होंने बताया की कथित चिकित्सक शर्तिया इलाज का बोर्ड लगाए हुए है। जिसपर दर्द, बवासीर सहित अन्य रोग का शर्तिया इलाज करने का दावा करता था।

जिले में कई जगह खोला सेंटर

उन्होंने बताया कि इसने जिले के कई जगह अपना चिकित्सा केंद्र खोला हुआ है। जिसकी जांच की जा रही है। छापेमारी टीम में ड्रग इंस्पेक्टर सुशील कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर रविंद्र मोहन, दंडाधिकारी सह सदर कार्यपालक दंडाधिकारी अजीत कुमार, रघुनाथपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

श्री दयानंद ने बताया कि गिरफ्तार कथित चिकित्सक से पूछताछ की जा रही है। इनके आलावे इस नकली फैक्ट्री में और कोई था या नहीं। उन्होंने बताया कि मामले में रघुनाथपुर ओपी में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

हरसिद्धि विधान सभा से लड़ चुका है चुनाव

नकली दवा फैक्ट्री का संचालक कथित चिकित्सक डीके चौधरी हरसिद्धि विधानसभा से चुनाव लड़ चुका है। वह नकली दवा बनाकर हजारों मरीजों को लूटने का काम किया है। जिससे उसने अकूत संपत्ति अर्जित कर रखा है। उसी के बल पर उसने पिछले विधानसभा चुनाव में हरसिद्धि विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़ा था। वह मूलतः तुरकौलिया के शंकरसरैया बनकट गांव का रहने वाला है। वह शर्तिया इलाज के नाम पर भोले भाले मरीजों को अपने चंगुल में फंसाकर लूटने का काम किया है।

उसके सहयोग में दो से तीन महिला भी शामिल है। जिसके संबंध में ड्रग विभाग की टीम पूछताछ में जुटी है। लम्बे समय से रघुनाथपुर में नकली दवा बनाने की फैक्ट्री संचालित करने की भनक अगल बगल के लोगो को नहीं लगी थी। जब ड्रग विभाग की टीम छापेमारी की तो लोग आश्चरिचकित हो गए। लोगो को पहले से कथित चिकित्सक के ठाठ बाट से आशंका थी की कोई अवैध कारोबार है। लेकिन नकली दवा बनाने की तनिक भी आशंका नही थी।

Source: https://news4nation.com/news/seeing-the-ingredients-for-making-medicines-in-the-factory-the-raid-team-was-blown-away-besan-sattu-coriander-powder-fenugreek-jaggery-etc-used-to-make-medicines-by-filling-them-in-capsules-563316